गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

गौतम बुद्ध नगर

व्यवस्थापक बोर्ड की प्रथम बैठक का कार्यवृत्त

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के व्यवस्थापक बोर्ड की प्रथम बैठक दिनाँकः 03 फरवरी 2009 को अपरान्ह 12.00 बजे माननीय मंत्रिमण्डलीय सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में पंचम तल शास्त्री भवन लखनऊ में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न सदस्यों ने भाग लिया :

1.	**श्रीयुत शशांक शेखर सिंह** मंत्रिमण्डलीय सचिव उ0प्र0शासन लखनऊ।	......	अध्यक्ष
2.	**प्रो0 एन0आर0शेट्टी,** पूर्व कुलपति, बैंगलौर विश्वविद्यालय एवं अध्यक्ष, आई0एस0टी0ई0 नई दिल्ली ।	......	सदस्य
3.	**प्रो0 एन0वी0 वसानी,** कुलपति, निरमा विश्वविद्यालय अहमदाबाद।	......	सदस्य
4.	**श्री अरूण कुमार सिन्हा** सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग लखनऊ।	......	सदस्य
5.	**प्रो0 राम सिंह निर्जर** कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा।	......	सदस्य सचिव

जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके ।

1. **डा0 आर0के0 चौहान,**
सचिव,
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
नई दिल्ली।

2. **प्रो0 आरोक्य सामी**
(पूर्व सदस्य, लोक सेवा आयोग)
एवं पूर्व प्रोफेसर, आई0आई0टी0
नई दिल्ली।

3. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा
परिषद द्वारा नामित सदस्य
(कोई नामित नही)

:: कार्यवाही का विवरण ::

09.01.01 **<u>विश्वविद्यालय के बजट को अनुमोदित करना।</u>**

विश्वविद्यालय के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2008-09 का पुनरीक्षित एवं वर्ष 2009-10 का बजट व्यवस्थापक बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे बोर्ड ने अनुमोदन प्रदान किया।

09.01.02 **<u>राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए प्रस्तावों को अनुमोदित करना।</u>**

विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार को निम्न दो प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं जिनका विवरण इस प्रकार है :

1. स्थाई विन्यास निधि (एण्डाउमेंट फण्ड) की धनराशि की सीमा बढ़ाने के सम्बन्ध ।

विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये स्थाई विन्यास निधि (एण्डाउमेंट फण्ड) की धनराशि 10 करोड़ से बढ़ाकर वर्तमान में 100 करोड़ किये जाने पर बोर्ड ने विचार विमर्श किया एवं स्थाई विन्यास निधि (एण्डाउमेंट फण्ड) की धनराशि 10 करोड़ से बढ़ाकर वर्तमान में 100 करोड़ किये जाने की अति आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए सम्यक विचारोपरान्त यह निर्देश दिया कि वर्तमान में यह धनराशि नोएडा प्राधिकरण से प्राप्त कर ली जाये और ग्रेटर नोएडा अपना अंशदान बाद में नोएडा को उपलब्ध करा देगा।

2. विश्वविद्यालय के लेखों एवं तुलनपत्रों की सम्परीक्षा के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय के लेखों एवं तुलनपत्रों की सम्परीक्षा चार्टर्ड एकाउन्टेंट से कराये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार विमर्श किया एवं विश्वविद्यालय के अधिनियम/परिनियमों की धाराओं के अनुरूप प्रस्ताव पर सहमती प्रदान की एवं अनुमोदन प्रदान किया।

09.01.03 **विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 18 की उपधारा 1(घ) में दिये गये प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय में नियुक्त आचार्यों को प्रबन्ध बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किये जाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में ।**

उक्त प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार विमर्श किया एवं विश्वविद्यालय अधिनियम की धाराओं के तहत वाह्य विश्वविद्यालय/संस्थानो के आचार्यो के स्थान पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के तीन आचार्यों, भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से, ज्येष्ठता के आधार पर चक्रानुक्रम में प्रबन्ध बोर्ड के सदस्य नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

09.01.04 **प्रबन्ध बोर्ड एंव वित्त समिति की सम्पन्न हुई बैठकों के कार्य-वृत्त व्यवस्थापक बोर्ड की सूचनार्थ प्रस्तुत।**

प्रबन्ध बोर्ड की प्रथम एवं द्वितीय बैठक एवं वित्त समिति की प्रथम बैठकों के कार्यवृत्तों से बोर्ड अवगत हुआ एवं सहमती प्रदान की।

09.01.05 **विद्या परिषद की सम्पन्न हुई बैठक का कार्य-वृत्त व्यवस्थापक बोर्ड की सूचनार्थ प्रस्तुत।**

विद्या परिषद की प्रथम बैठक के कार्यवृत्त से बोर्ड अवगत हुआ एवं सहमती प्रदान की।

09.01.06 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार।**

09.01.06(A) **विश्वविद्यालय का वर्ष 2007-08 का तुलनपत्र अनुमोदनार्थ प्रस्तुत :**

विश्वविद्यालय का वर्ष 2007-08 का तुलनपत्र बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया। बोर्ड ने सम्यक विचारोपरान्त तुलनपत्र को अनुमोदित किया।

(शशांक शेखर सिंह)	**(राम सिंह निर्जर)** 03.02.09
अध्यक्ष	सचिव एवं कुलपति
मंत्रिमण्डलीय सचिव	गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
उ0 प्र0 शासन	ग्रेटर नोएडा
लखनऊ	